**लोक सभा अध्यक्ष ने चैत्र शुक्लादि, उगाडी, गुड़ी पड़वा और चेती चाँद की पूर्व संध्या पर शुभकामनाएं दीं**

**नई दिल्ली; 8 अप्रैल, 2024:** लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने चैत्र शुक्लादि, उगाडी, गुड़ी पड़वा और चेती चाँद की पूर्व संध्या पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

श्री बिरला ने अपने संदेश में कहा कि:

चैत्र शुक्लादि, उगाडी, गुड़ी पड़वा और चेती चाँद की पूर्वसंध्या पर हार्दिक बधाई और शुभ कामनाएं। ये सभी भारत के प्रमुख त्योहार हैं जो भारत की गौरवशाली संस्कृति और विविधताओं की रेखांकित करते हैं। ये त्यौहार हमें मिलजुलकर रहने और समृद्धि एवं खुशहाली के पथ पर आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा भी देते हैं।साथ ही, इनसे हमारी आध्यात्मिक एवं सामाजिक मान्यताएँ गहराई से जुड़ी हुई हैं।

इस शुभ अवसर पर, मैं सभी के अच्छे स्वास्थ्य, सुख, समृद्धि के लिए प्रार्थना करता हूं। यह दिन एक समृद्ध और सौहार्दपूर्ण वर्ष की शुरुआत का प्रतीक हो, जो हमारे सभी प्रयासों में सफलता का मार्ग प्रशस्त करे।

मैं एक बार फिर आप सभी को चैत्र शुक्लादि, उगाडी, गुड़ी पड़वा और चेती चाँद की शुभकामनाएं देता हूं।

धन्यवाद!